## सार-समाचार

### विकास चौधरी, डॉ जयपाल, राठौड़ व चंदेलिया का किया अभिनंदन

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक डॉ विकास चौधरी, अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल, आर टी डी सी के पूर्व अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र राठौड़ व अजमेर उत्तर के प्रभारी रणजीत चंदेलिया का आज अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जनों ने डॉ राजकुमार जयपाल के सिविल लाइन सिविल लाइन स्थित निवास स्थान पर माल्यार्पण कर व साफ़ा पहनाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया तथा पार्टी आलाकमान का आभार व्यक्त किया। विकास चौधरी, राजकुमार जयपाल व धर्मेंद्र राठौड़ का स्वागत अभिनंदन करने वाले अजमेर उत्तर के कांग्रेसजनों में फखरे मोइन, पार्षद नौरत गुजर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद, पूर्व पार्षद अशोक जैन, गुलाम मुस्तफा, महेंद्र चौधरी, महेंद्र जोधा, आरिफ खान, विकास चौहान, सुमित मित्तल, हेमंत जोधा, प्रिंस ओबीडाया, युनुस शेख, डॉ एस डी मिश्रा, रवि दग्दी, पुष्पेंद्र ओझा, हमीद चीता, गणेश चौहान, भंवर सिंह राठौड़, चितलेश बंसल, कमल बैरवा, हेमंत जसोरिया, राजेश गोडीवाल, अजीज चीता, चिरंजीव राठौड़, सुल्तान सिंह, मुकेश पंवार, हरि प्रसाद जाटव, निर्मल पारीक व विश्वेश पारीक सहित अनेक कांग्रेसजन शामिल थे।

### जिला परिषद की साधारण सभा एवं बैठक 2 दिसम्बर को

**अजमेर,** (कासं)। जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा की अध्यक्षता में आगामी 2 दिसम्बर को दोपहर 1.15 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश ने दी। मुख्य आयोजना अधिकारी रूद्रा रेणु ने बताया कि इसके साथ जिला आयोजना समिति की बैठक भी आयोजित होगी।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरूवार को

**अजमेर,** (कासं)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरूवार 27 नवम्बर को सायं 5 बजे जिला कलेक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार तंवर ने दी।

### उपखण्ड अधिकारी ने कई ग्रामों का किया निरीक्षण

**नसीराबाद( निसं )।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत उपखण्ड अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी देवीलाल यादव ने सोमवार को ग्राम धोलादाता देराठू (मंगरी), बनेवड़ा, धोलादाता बूबानिया, भवानीखेड़ा और चैनपुरा का दौरा कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने मौके पर मौजूद कार्मिकों से प्राप्त गणना प्रपत्रों की स्थिति, प्रगति रिपोर्ट और जनसहायता व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे मैपिंग, फॉर्म वितरण और डिजिटाइजेशन कार्यों की गुणवत्ता की भी विस्तार से समीक्षा की। उपखण्ड अधिकारी देवीलाल यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि – मतदाताओं से प्राप्त सभी गणना प्रपत्रों की प्रविष्टियाँ पूरी सावधानी से दर्ज की जाएं। डिजिटाइजेशन कार्य समयबद्ध तथा त्रुटिरहित रूप से पूरा किया जाए। कार्य में पारदर्शिता और तत्परता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। उन्होंने आगामी दिनों में प्रगति को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

### सामाजिक एवं सांस्कृतिक सप्ताह ''झंकार''-2025 का आगाज

**ब्यावर ( निसं )।** श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में सामाजिक एवं सांस्कृतिक सप्ताह ''झंकार'' 2025 कार्यक्रम का प्रारम्भ प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढ़ा, अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा एवं संयोजिका निधि पंवार ने नवकार मंत्र की स्तुति के साथ किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढ़ा ने बताया कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। छात्राओं को अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है जिससे उनमें आत्मविश्वास, कलात्मकता और रचनात्मकता का विकास, अनुशासन एवं समर्पण आदि गुणों को जाठात करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। झंकार-2025 के प्रथम दिन रंगोली, स्केचिंग एवं युगल नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । रंगोली प्रतियोगिता मे भी छात्राओं ने रंगों के माध्यम से अपनी सृजन क्षमता का परिचय देते हुए अनेक विषयों पर पारंपरिक रंगोलियों का चित्रण करते हुए प्रकृति एवं पर्यावरण प्रेम का संदेश दिया व रंगों की अनुपम छटा बिखेर कर अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया। इसमें प्रथम भूमिका, करिश्मा नाथ द्वितीय, वंशिका सांखला व सोनम गुलाबानी तथा तृतीय स्थान पर चंचल ठठेरा व महक बाबेल रहीं । स्केचिंग प्रतियोगिता में प्रथम शिम्पी साहू, द्वितीय भक्ति बैरवा तथा तृतीय स्थान मोनिका कुमावत ने प्राप्त किया। युगल नृत्य प्रतियोगिता में आकर्षक रंगीन परिधान और नयनाभिराम साज-सज्जा में अपनी प्रस्तुति देते हुए प्रतिभागी अत्यंत ही सुंदर, भाव व मोहक दृश्य का सृजन कर रहे थे । युगल नृत्य में भव्या गहलोत एवं हर्षिता गहलोत ने प्रथम, हर्षा दासानी एवं दिशा आसवानी ने द्वितीय एवं पूर्वी सेन व जानवी गोस्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिताओं मे निर्णायक की भूमिका बबीता कुमावत, डिम्पल यादव, रक्षा शर्मा, भव्या, राधिका झंवर एवं कीर्ति मालपानी ने निभाई। कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे ।

### भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति की बैठक

**ब्यावर ( निसं )।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति की मासिक बैठक सुरेंद्र खंडेलवाल के सानिध्य में आदर्श नगर स्थित योग कक्षा स्थल पर आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी प्रवीण मंगल ने बताया कि बैठक में युवा भारत ट्रस्ट प्रभारी एडवोकेट नरपत सिंह रावत, जिला पतंजलि योग समिति के प्रभारी तुलसाराम चौधरी और भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के संरक्षक किशन लाल जांगिड़, भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी आनंद कुमावत,प्रवीण मंगल, प्रहलाद सोनी, प्रभु सिंह पीटीआई, जैतारण तहसील से डॉक्टर दौलत सिंह, महेश कुमार, जुगराज जोशी, निमाज से शिवराम उपस्थित रहे। मीटिंग में अक्टूबर की मीटिंग में लिए गए निर्णय को क्रियान्वित करने बाबत सदस्यों को अवगत कराया गया। नवंबर की मासिक बैठक में सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण के ऑनलाइन कक्षाओं बाबत चर्चा की गई इसके अलावा माह दिसंबर में जैतारण तहसील कार्यकारिणी के गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के किए जाने का निर्णय लिया गया। जैतारण के जुगराज जोशी ने अवगत कराया की तहसील महामंत्री से विस्तृत विचार विमर्श करने के पश्चात जिला समिति को सूचित कर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### भरक माता मंदिर में भूमि पूजन संपन्न

**भीलवाड़ा( निसं )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के नारी जागरण वर्ष के अंतर्गत, श्री भरक माता मंदिर, भरक (लाखोला) में आयोजित होने वाले 108 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव की तैयारियों के क्रम में आज मंदिर परिसर में भूमि पूजन, धर्म ध्वजा स्थापना और यज्ञ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह भव्य महायज्ञ 5 दिसंबर 2025 से 8 दिसंबर 2025 तक चलेगा। आज भूमि पूजन के शुभ अवसर पर सहाड़ा विधायक लादूलाल पीतलिया के मुख्य आतिथ्य और भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी के विशिष्ट आथित्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। विधायक कोठारी ने इस पुनीत आयोजन की सराहना करते हुए ग्रामवासियों को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर लाल छीपा, जगदीश चंद्र, बद्री लाल, भेरूलाल और ब्रह्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और भक्तजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर क्षेत्र की समृद्धि और नारी शक्ति के जागरण के संकल्प के साथ यज्ञ में आहुतियाँ दीं।

### महोत्सव 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक

**भीलवाड़ा( निसं )।** जिले के शक्करगढ़ स्थित श्री संकट हरण हनुमत धाम एवं श्री संकटमोचन आदर्श गोशाला परिसर में परमहंस संत ब्रह्मलीन अमराव महाराज 'निरंजनी' का प्रथम निर्वाण महोत्सव इस वर्ष 25 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक परमादर्श महामंडलेश्वर जगदीश पुरी महाराज के पावन सानिध्य में भव्य रूप से आयोजित होगा।

# कॉरिडोर को लेकर अफवाहों को लगा विराम, स्थानीय लोगों के अनुरूप होगा विकास

■ कॉरिडोर में आमजन की भागीदारी होगी, किसी को बेरोजगार नहीं किया जाएगा

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर के ब्रह्मा कॉरिडोर को लेकर चल रही अफवाहो पर फिलहाल रोक लग गई। पुष्कर के टूरिस्ट बंगले में कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत एवं धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत एवं जिला कलक्टर ने एक आम जन के बैठक ली। जिसमें धार्मिक और सांस्कृतिक विकास को गति देने के उद्देश्य से आज बैठक ली जिसमें ब्रह्मलोक कॉरिडोर और पुष्कर सरोवर परिक्रमा मार्ग विकास परियोजनाओं पर चर्चा की गई। जैसे ही कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत और ओंकार सिंह लखावत ने बैठक में कहा कि बिना तोड़ फोड़ किए ही पुष्कर का विकास किया जाएगा तो उपस्थित लोगों ने तालिया बजाना शुरू कर दिया। ओर बैठक के बाद सुरेश सिंह का आभार प्रगट किया।

**ये हुए शामिल:** बैठक में कैबिनेट मंत्री और पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत, राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, जिला कलेक्टर लोकबंधु, एडीए आयुक्त, नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा, उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर, पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

**आमजन से लिखित सुझाव मांगे:** बैठक में काशी और उज्जैन की तर्ज पर प्रस्तावित ब्रह्मलोक कॉरिडोर की रूपरेखा, विकास कार्यो, परिक्रमा मार्ग विस्तार और प्राथमिक डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) पर विस्तृत चर्चा हुई। सामाजिक संगठनों, तीर्थ पुरोहित संघ, व्यापारियों, बुद्धिजीवियों और पुष्कर निवासियों ने भी परियोजना के संबंध में अपने सुझाव दिए। आमजन से भी लिखित सुझाव मांगे गए हैं।

मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बैठक को संबोधित करते हुए ब्रह्मलोक कॉरिडोर को पुष्कर के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ लोग अनावश्यक भ्रांतियां फैला रहे हैं, लेकिन किसी का मकान या भवन नहीं तोड़ा जाएगा। सरकार का उद्देश्य पुष्कर का समग्र विकास करना है। रावत ने यह भी बताया कि कॉरिडोर निर्माण से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और यह परियोजना अभी प्रारंभिक चरण में है। प्राप्त सुझावों के आधार पर विस्तृत रूपरेखा और नक्शा तैयार किया जाएगा।

धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी इस परियोजना को लेकर गंभीर हैं और लगातार इसकी समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक ठांथों में वर्णित पुष्कर के महत्व के अनुरूप ही इसका विकास किया जाएगा। बैठक में मिले सभी सुझावों के आधार पर एक प्रतिवेदन तैयार कर सरकार को सौंपा जाएगा। ओंकार सिंह लखावत ने बताया की तीन दिन के अंदर आम जन पुष्कर विकास के लिए नगर परिषद आयुक्त को लिखित में सुझाव दे सकते है।

**पुष्कर में गत दो साल से बढ़ी पर्यटकों की संख्या:** जिला कलेक्टर लोकबंधु ने जानकारी दी कि पिछले वर्षों में पुष्कर में पर्यटकों की संख्या 50 लाख से बढ़कर एक करोड़ से ज्यादा हो गई है। इस बढ़ती संख्या को देखते हुए आवश्यक सुविधाओं, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और धार्मिक संरचनाओं की मरम्मत से जुड़े विकास कार्य प्राथमिकता पर होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकास कार्य हितधारकों की सहमति और सुझावों के आधार पर ही आगे बढ़ाए जाएंगे। इस दौरान निवर्तमान परिषद अध्यक्ष कमल पाठक, अरुण वैष्णव सत्यनारायण रामावत, दामोदर शर्मा, बैजनाथ शर्मा महेश पाराशर, जगदीश कुड़िया, पुष्कर नारायण भाटी सहित पुष्कर के कई लोग मौजूद थे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, ऑटो चालकों को किया जागरूक

■ ऑटोचालकों को एसआईआर के तहत परिगणना प्रपत्र भरने व जमा करवाने के लिए जागरूक किया गया

**अजमेर,( कासं )।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) लोक बन्धु के अधिनस्थ चुनाव मुख्य शाखा अजमेर की और से आज स्वीप प्रभारी मीना शर्मा की और से एक हजार से अधिक ऑटोचालकों को एसआईआर के तहत परिगणना प्रपत्र भरने जमा करवाने और ई-मित्र के माध्यम से मॉबाइल वेबसाइट के माध्यम से परिगणना प्रपत्र सबमिट करने के लिए जागरूक किया गया।

इसमें टेक्सी यूनियन के अध्यक्ष करण सिंह ने समस्त अजमेर जिले में जाने वाले वाहनों पर विशेष गहन पुनरीक्षण के एक हजार बैनर लगवा वाहनों को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं रेलवे स्टेशन पर काम कर रहे कुलियों को इसके लिए प्रेरित किया गया। लोकतंत्र को मजबूत बनाने और वोटर लिस्ट में अपना नाम सत्यापित करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

# सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती में 143 का हुआ चयन

**अजमेर,** (कासं)। जिले के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती शिविर में 143 युवाओं का चयन किया गया है। कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती चयन परीक्षा ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं का अजमेर जिले में तहसील स्तर पर भर्ती चयन परीक्षा आयोजन किया जा रहा है। सोमवार 24 नवम्बर को राजकीय आईटीआई ब्यावर में किया गया। इसमें 536 युवाओं ने भाग लिया। मापदंड के आधार पर नीमच से आए भर्ती अधिकारी महिपाल सिंह सिनसिनवार ने 143 युवाओं का चयन किया। मंगलवार 25 नवम्बर को राजकीय आईटीआई अजमेर में एवं बुधवार 26 नवम्बर को राजकीय महिला आईटीआई अजमेर में किया जाएगा।


**अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हिम्मत सिंह पुत्र मगन सिंह, निवासी पानी की टंकी के पास भोपों का बाड़ा, अजमेर राजस्व ग्राम लोहागल के खसरा संख्या 1509 प्लाट नंबर 16, क्षेत्रफल 181.15 वर्गमीटर के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी। -उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर


# दिगंम्बर जैन महासमिति का युवा सदस्यता अभियान एवं गोष्ठी

■ महासमिति के 50 वें वर्ष के अवसर पर देशभर में युवाओं की सदस्यता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं

**अजमेर,( कासं )।** दिगंम्बर जैन महासमिति अजमेर संभाग की ओर से सोमवार को पंचायत बड़ा घड़ा बाबाजी की नसियां में युवा सदस्यता वृद्धि एवं जागरूकता अभियान के तहत गोष्ठी आयोजित की गई।

महासमिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि महासमिति के 50 वें वर्ष के अवसर पर देशभर में युवाओं की सदस्यता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गोष्ठी में सचिन बजाज ने सुझाव दिया कि शिक्षा के क्षेत्र में समाज को अल्पसंख्यक विभाग की सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु नियमित कैंप आयोजित किए जाने चाहिए। नीरज पाटनी ने बढ़ती हुई महंगी शादियों पर नियंत्रण की आवश्यकता बताई और कहा कि अनावश्यक प्रतिस्पर्धा समाज में कई विकृतियां उत्पन्न कर रही है। सुनीता गंगवाल ने केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकेंगे।

संजीव जैन ने शिक्षा और स्वास्थ्य को समाज विकास की रीढ़ बीते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष रूप से निम्न वर्ग तक पहुंचाने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष की सदस्यता वृद्धि संबंधी विशेष जानकारी वाला पोस्टर भी विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा प्रकोष्ठ के चक्रेश जैन, नवीन पाटनी, राजेश बड़जात्या, अशोक गरिया, सुनील भैंसा, अनिल दोषी, तरुण ढीलवारी, नीरज पाटनी, सुभाष गोथा, सुनील गंगवाल, मनीष सेठी, अशोक पहाड़िया, रोहित जैन, राहुल जैन, रूपश्री जैन, प्रभा जैन, शैली जैन, कुसुमलता जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

## नाज में एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**ब्यावर ( निसं )।** श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में सब जूनियर वर्ग में ''रेट्रो सॉन्ग 80''थीम पर एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से तृतीय तक के करीब दो दर्जन छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक प्रभारी गीतांजलि शर्मा ने कार्यक्रम का कार्यभार संभाला। मंच का संचालन तेजल खत्री और पूनम पालरिया ने किया। प्रतिभागियों ने अलग अलग गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियो ने सुर-लय-ताल, भाव-भंगिमा और एकल-समन्क्ष्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

## जरूरतमंद कन्या को वैवाहिक सामग्री भेंट

**अजमेर, ( कासं )।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वाधान में ह्यूमैनिटी, रिलीफ टू थे हेल्पलेस इन इंडिया परियोजना के अंतर्गत 2 जरूरतमंद कन्या के शुभ विवाह में आशीर्वाद सहित वैवाहिक सामग्री भेट की।

यह कार्यक्रम भांवता और तबीजी ग्राम में आयोजित हुआ जिसके चलते 2 जरूरतमंद कन्याओं को दैनिक जीवन में काम आने वाली समस्त सामग्री जैसे बर्तन, टेबल फैन, मिक्सी, प्रेस, सिलाई मशीन, एक श्रृंगार पेटी इत्यादि का वितरण कर मानवीय राहत प्रदान की गयी। आरएसकेएस टीम सदस्यों ने ऐसे ही जरूरतमंद कन्याओ की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।


**आम सूचना**

मेरे भाई रमेश भील पुत्र भागचन्द जाति भील निवासी गागुन्दा की मृत्यु दिनांक 19.4.2021 को मेरे निवास स्थान ग्राम गागुन्दा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत भोगादीत में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे भाई रमेश भील का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

- प्रार्थी- रामदेव भील पुत्र भागचन्द, जाति भील निवासी ग्राम गागुन्दा तहसील अरांई, अजमेर

**आम सूचना**

मेरे पिता विश्राम पुत्र दुर्गालाल जाति दमामी निवासी ग्राम भामोंलाव की मृत्यु दिनांक 16.11.2014 को मेरे निवास स्थान ग्राम भामोंलाव में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत भामोंलाव में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे पिता विश्राम का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

- प्रार्थी- विश्राम पुत्र दुर्गालाल, निवासी ग्राम भामोंलाव तहसील अरांई, अजमेर


## निर्विरोध रूप से अध्यक्ष एवं महिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**ब्यावर ( निसं )।** जिला स्तरीय शिक्षा विभाग मंत्रालियक कर्मचारी संध मे चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमे निर्विरोध रूप से अध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री को नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष हेतु अरविन्द सिंह रावत सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मु. मा.शि., महिला उपाध्यक्षक हेतु पिंकी पंवार व.स. कार्यालय राउमावि दुगार्वास एवं जिला मंत्री अनुराग चावरिया कार्यालय राजकीय उमावि सनातन धर्म की नियुक्ति की गई है। इनको तत्काल प्रभाव से निर्देश दिये गए है कि जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन सात दिवस के भीतर आवश्यक रूप से सम्पन्न किया जाए।

# अधिकारियों को किसानों का मुआवजा समय पर देने के निर्देश

■ विधायक यूनुस ख़ान ने की जनसमस्याओं की व्यापक समीक्षा,

**डीडवाना** (निसं)। मौलासर पंचायत समिति की साधारण सभा में सोमवार को विधायक यूनुस ख़ान ने हिस्सा लेते हुए क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में विभागीय अधिकारी, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत प्रशासक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, आवश्यकताओं और प्रस्तावों को विस्तार से रखा, जिन पर विधायक ने गंभीरता से विचार किया। बैठक में बिजली एवं पेयजल व्यवस्था प्रमुख विषय रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज, बाधित आपूर्ति, ट्रांसफ़ॉर्मर क्षमता विस्तार, नए ट्यूबवेल तथा नहरी पानी की कमी जैसे मुद्दों पर विस्तृत विमर्श किया गया। विधायक ने पेयजल संकटठास्त गांवों में प्राथमिकता से कार्य करने, पाइपलाइन सुधार व जल स्त्रोतों के विस्तार के निर्देश दिए। सड़क एवं सार्वजनिक निर्माण कार्यों पर भी ग्राम पंचायतों ने जर्जर सड़कों, अपूर्ण मार्गों और पेचवर्क की आवश्यकता का मामला उठाया। इस पर विधायक यूनुस ख़ान ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए।

कृषि एवं सामाजिक न्याय विभाग से जुड़े मुद्दों में पटवारियों द्वारा गिरदावरी रिपोर्ट समय पर तैयार न करने और मुआवजा वितरण में देरी को लेकर जनप्रतिनिधियों ने चिंता व्यक्त की। विधायक ने संबंधित विभागों को त्वरित व पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा अधिकारियों की लेटलतीफी, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, पेयजल संकट, सड़क मरम्मत, स्कूलों की जर्जर स्थिति आदि मुद्दे भी उठाए गए। इस पर विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


**आम सूचना**

यह कि श्रीमती सरीता सांगेला पत्नि स्व. श्री मनोज कुमार सांगेला, निवासी मां अन्नपूर्णा नगर द्वितीय, बलाड रोड, पानी की टंकी के पास, ब्यावर ने एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा ब्यावर में स्वंय के मालिकाना हक का आवासीय पट्टेशुदा भूखण्ड संख्या 17 का दक्षिणी भाग प्राईवेट भूखण्ड संख्या 17-बी भूखण्ड क्षैत्रफल 75 वर्गगज मय जायदाद वाके मां अन्नपूर्णा नगर द्वितीय, ग्राम नयानगर, ब्यावर के असल टाईटल डीड्स जो की श्रीमती सरीता सांगेला एवं स्व. श्री मनोज कुमार सांगेला द्वारा एच.डी.एफ.सी. बैंक में रहन है, को बहैसियत मालिक व अधिकृत कानूनी वारिस होने के नाते प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त जायदाद के संदर्भ में चुकता ऋण श्रीमती सरीता सांगेला द्वारा अदा किया जा चुका है। जिसके संदर्भ में उक्त जायदाद के असल मालिकाना हक के दस्तावेजात श्रीमती सरीता सांगेला द्वारा प्राप्त किये जाने बाबत् आमजन को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था/रिश्तेदार को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर लिखित में मुझ अभिभाषक को या एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा ब्यावर में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी शख्स की आपत्ति जाहिर आयी तो वह बेअसर व कानूनी शून्य समझी जावेगी।

निरूपम जालान एडवोकेट,
10, बेसमेन्ट, गणपति प्लाजा,
भगत चौराया, ब्यावर ( राज. )
मोबाइल: 94142-13103

**आम सूचना**

मेरी मां कमला पत्नी छोटू खां जाति मुसलमान निवासी गांव पाटन तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 16 मार्च 1999 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस पर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी।

प्रार्थी-कानाराम मुसलमान गांव पाटन

**आम सूचना**

मेरे पिता छोटू खां पुत्र बहादुर खां जाति मुसलमान निवासी गांव पाटन तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 24 सितम्बर 1985 को निवास स्थान पर हो गई। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस पर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी।

प्रार्थी-कानाराम मुसलमान गांव पाटन


# विधायक कोठारी ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

■ एंबुलेंस समर्पित, और विकास कार्यों का लिया जायजा

**भीलवाड़ा( निसं )।** भीलवाड़ा के विधायक अशोक कोठारी ने रविवार को शहर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ करने के साथ-साथ एक अत्याधुनिक एंबुलेंस समर्पित की और विभिन्न विकास व धार्मिक कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों को विकसित भारत संकल्प को मजबूती देने के लिए इस विशेष गहन अभियान से जुड़ने का आ ान किया।

**पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ :** विधायक अशोक कोठारी ने सर्वप्रथम राजकिया महात्मा गांधी अस्पताल में मातृ एवं शिशु वार्ड में राष्ट्रीय पल्स पोलियो महा अभियान का शुभारंभ किया।

**एंबुलेंस समर्पित:** विधायक कोठारी ने डीएमएफटी फंड से प्राप्त अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एंबुलेंस अस्पताल को समर्पित की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, सीएमएचओ रामकेश गुर्जर, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल वर्षा सिंह, और पीएमओ डॉ. अरुण गौड़ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कोठारी ने अस्पताल के आईसीयू में भर्ती मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के भ्राता से मिलकर उनका कुशलक्षेम भी पूछी। विधायक कोठारी ने राजस्थान पत्रकार परिषद पल्स पोलियो बूथ पर उपस्थित होकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। इस मौके पर पूर्व न्यास अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, यूनेस्को फेडेरेशन के प्रदेश संयोजक गोपाल माली, यूनेस्को के पूर्व अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, और पत्रकार परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। विधायक कोठारी ने पंचमुखी दरबार के दर्शन किए और महंत पूज्य श्री लक्ष्मण दास जी महाराज से सनातन धर्म पर चर्चा करते हुए भीलवाड़ा के विकास के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके पश्चात दादाबाड़ी जैन मंदिर में भगवान श्री पार्श्वनाथ जी के दर्शन किए और सगस जी महाराज के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने यूआईटी द्वारा लगाए जा रहे ब्लॉक के कार्य का अवलोकन किया और अधिकारियों तथा ठेकेदार को कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। विधायक कोठारी ने पल्स पोलियो अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने दादाबाड़ी के पल्स पोलियो अभियान में स्वयं बीएलओ टीम के साथ बैठकर एस आई आर पर निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने खटीक समाज के बीच उपस्थित होकर एसआईआर की चर्चा की और सभी नागरिकों से परिवार सहित इस महा अभियान में जुड़ने और किसी को भी वंचित न रहने देने का अनुरोध किया। उन्होंने वार्ड नं- 55 के छह में से चार बूथों के बीएलओ टीम के साथ बूथ पर उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान**

क्रमांक : न.प.कि/भूमि/2025/9622 **आम सूचना** दिनांक :24-11-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा निवासी सदर बाजार पुराना शहर, किशनगढ़ ने 69 ए के तहत पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो की स्थित भूखण्ड/परिसर कुल क्षेत्रफल 15.00 वर्गगज है जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है।

पूर्व में- हरजी गुर्जर की दुकान — पश्चिम में- छोटू जी की दुकान

उत्तर में- 35 फीट का रास्ता — दक्षिण में- हरी जी सैन का मकान

उक्त सीमा मध्य स्थित 69 ए के तहत पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद-मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नहीं होगा। अतः सूचित रहे। -प्रभारी अधिकारी, नगर परिषद किशनगढ़


# जमाअत-ए-इस्लामी हिंद चलाएगी 'पड़ोसियों के अधिकार' मुहिम

■ समाज में सौहार्द बढ़ाने की अहम जरूरतः नाजिमुद्दीन खान, प्रदेश अध्यक्ष

**अजमेर,( कासं )।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने 21 से 30 नवंबर 2025 तक देशभर में 'पड़ोसियों के अधिकार अभियान' चलाने का निर्णय लिया है। प्रदेश अध्यक्ष नाजिमुद्दीन खान ने कहा कि यह मुहिम सामुदायिक ताने-बाने को मजबूत करने और अलग-अलग धर्मों व समुदायों के लोगों के बीच आपसी भरोसा बढ़ाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

नाजिमुद्दीन खान ने बताया कि इस्लाम में पड़ोसी रिश्तों को बहुत ऊँचा दर्जा दिया गया है। कुरआन करीम अपने अनुयायियों को न केवल नज़दीकी पड़ोसियों बल्कि राह गुजर के तौर पर पास आने वालों के साथ भी अच्छे व्यवहार का आदेश देता है। 'आज समाज में बढ़ते तनाव और दूरियों के बीच पड़ोसियों के अधिकारों को याद करना और उन्हें निभाना समय की बड़ी जरूरत है,' उन्होंने कहा।

प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि इस 10 दिवसीय अभियान के ज़रिए जमाअत-ए-इस्लामी हिंद मुसलमानों को उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों की याद दिलाना चाहती है, ताकि वे अपने आचरण से इस्लाम की इंसानी और नैतिक शिक्षाओं को समाज के सामने पेश कर सकें। अभियान के प्रमुख कार्यक्रम खान ने बताया कि मुहिम के दौरान प्रदेशभर में कई गतिविधियां आयोजित होंगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बरोल पंचायत समिति अरांई, अजमेर**

क्रमांक : ग्रा.प.ब/2025-26/44 ई-निविदा सूचना संख्या-05/2025-26 दिनांक : 24/11/25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरोल के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | NIB NO | UBN NO | Tender Id |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बरोल | ZAJ2526A1444 | ZAJ2526WSRC01538 | 2025_PRD_515248_1 |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बरोल
प.सं. अरांई, अजमेर

प्रशासक
ग्राम पंचायत बरोल
प.सं. अरांई, अजमेर

# कोटा रेलवे स्टेशन से महाराष्ट्र का मोस्ट वांटेड अपराधी गिरफ्तार

## महाराष्ट्र के मोस्ट वांटेड आरोपी को ट्रेन से फरार होने के दौरान रेलवे सुरक्षा बल ने पकड़ा

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम-मध्य रेलवे, कोटा मंडल में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने हेतु लगातार चलाए जा रहे ऑपरेशन रेल प्रहरी के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने एक कुख्यात और मोस्ट वांटेड अपराधी को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि कोटा मंडल को व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिखित आवेदन एवं फोटोग्राफ प्राप्त हुए, जिनमें जानकारी दी गई थी कि महाराष्ट्र प्रिवेंशन ऑफ डेंजरस एक्ट के तहत चिन्हित एक शातिर अपराधी, जिसके विरुद्ध लूट, मारपीट, उगाही एवं हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं, ट्रेन संख्या 19019 से फरार होकर यात्रा कर रहा है। सूचना मिलते ही मंडल सुरक्षा आयुक्त अजय शर्मा के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल कोटा पोस्ट की टीम ने बिना समय गंवाए रणनीति बनाकर कार्रवाई शुरू की।



ऑपरेशन रेल प्रहरी के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने मोस्ट वांटेड अपराधी को गिरफ्तार किया।

लगभग शाम छह बजे कोटा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 पर संदिग्ध को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पेशानवाज़ खान उर्फ सोनू मेंटल, पिता अस्रार खान निवासी जिला ठाणे, महाराष्ट्र के रूप में की गई है। आरोपी लंबे समय से गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस को इसकी तलाश थी। इस कार्रवाई में निरीक्षक/पोस्ट प्रभारी चोप सिंह डावर, उप निरीक्षक सुमित रघुवंशी, कांस्टेबल हरेंद्र सिंह एवं कांस्टेबल पंकज कुमार शामिल रहे, जिनकी सतर्कता और सूझबूझ से आरोपी को बिना किसी विरोध के सुरक्षित रूप से गिरफ्तार किया जा सका। गिरफ्तार व्यक्ति को आवश्यक विधिक कार्रवाई हेतु नयानगर थाना पुलिस की टीम, जिसमें पुलिस उपनिरीक्षक अख्तर शेख शामिल थे, को विधिवत सुपुर्द किया गया।

■ मोस्ट वांटेड आरोपी पेशानवाज़ खान हत्या के प्रयास, उगाही और लूट के कई मामलों में वांछित था

# पालिका सफाई कर्मचारी पर अवैध वसूली का आरोप

**अलवर,** (निसं)। अलवर के बहादुरपुर में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी पर अवैध वसूली के आरोप सामने आने के बाद सोमवार को लोगों ने उसका पुतला फूंका। राजेश पर आरोप है कि वह लंबे समय से रेहड़ी-पटरी वालों, छोटे दुकानदारों से पर्ची और ड्यूटी का हवाला देकर रकम वसूल रहा है। वहीं पूरे मामले पर नगर पालिका ईओ महिमा ने कहा कि कर्मचारी राजेश प्रजापत ने उनके नाम का गलत उपयोग किया है। ईओ ने बताया कि रजाई व्यापारी ने कुछ दिन पहले अस्थायी अनुमति के लिए बात की थी, लेकिन अनुमति दी नहीं गई थी। ईओ महिमा ने कहा कि कर्मचारी ने मेरे नाम का गलत इस्तेमाल किया है। मैंने उसे नहीं भेजा था, लेकिन अगर उसने पावर का गलत उपयोग किया है तो जांच में स्पष्ट होगा। कार्रवाई की जाएगी।

■ कर्मचारी राजेश प्रजापत ने उनके नाम का गलत उपयोग किया है : पालिका ईओ



लोगों ने नगर पालिका सफाई कर्मचारी का पुतला फूंका।

यह विवाद तब बढ़ा जब राजेश और रजाई का काम करने वाले सोकत के बीच का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में सोकत ने दावा किया कि राजेश दो बार उससे 2300 रुपए ले चुका है। वीडियो सामने आने पर स्थानीय लोग मौके पर जमा हुए और विरोध किया। लोगों का कहना है कि राजेश को सफाई का काम दिया गया है, लेकिन वह खुद को अधिकारी की तरह पेश करते हुए धमकी देकर पैसे मांगता है। आरोप है कि शनिवार को भी राजेश ड्यूटी खत्म होने के बाद रजाई वाले के पास पहुंचा और पैसे मांगने लगा। वीडियो बनते ही राजेश ने उसे धमकाने की कोशिश की। वार्ड नंबर 15 के पार्षद एमपीएस भीम रघुवीर ने कहा कि राजेश की शिकायत पहले भी प्रशासन तक पहुंच चुकी है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पार्षद भीम सिंह ने दावा किया कि अंबेडकर स्मारक के लिए स्वीकृत 19 हजार रुपए में से 1000 रुपए राजेश ने कमीशन के नाम पर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से ले लिए। इस लेन-देन का स्क्रीनशॉट और रजिस्टर में एंट्री मौजूद है।

ईओ महिमा के अनुसार राजेश को सिर्फ पर्ची काटने का अधिकार दिया गया था, लेकिन जिस तरीके से वह इसका उपयोग कर रहा है, वह नियमों के खिलाफ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में सफाई की स्थिति खराब है और कर्मचारी वसूली में ज्यादा रुचि दिखा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कर्मचारी पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

## बाइक चोरी का खुलसा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात का खुलसा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद की है। थाना प्रतापनगर में मोटरसाइकिल चोरी की घटना की गम्भीरता से लेते हुए एएसपी पारस जैन के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। 24 नवम्बर को त्रिदेव सिहं रावत पिता गिरधारी सिंह ने थाना में एक रिपोर्ट पेश कि की अज्ञात चोर पन्नाधाय सर्किल के पास भीलवाडा से मेरी मोटरसाईकिल चुराकर ले गया। इस रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। गठित टीम ने प्रकरण घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व संदीग्ध पूछताछ के आधार पर बाइक चुराने वाले आरोपी ब्रहमानंद मीणा पुत्र रामचन्द्र को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद की है।

# गोपालपुरा टोल प्लाजा पर कथित वाहनों से वसूली का पर्दाफाश होने पर मामला दर्ज

**माण्डलगढ़,** (निसं)। भीलवाड़ा जिले के माण्डलगढ़ में त्रिवेणी-जहाजपुर स्टेट हाइवे के गोपालपुरा टोल प्लाजा पर फर्जीवाड़ा कर फास्टैग से लाखों के टोल टैक्स वसूली का पर्दाफाश होने के बाद पुलिस थाने में एक टोलकर्मी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही हैं।

गोपालपुरा टोल प्लाजा पर मैसर्स क्षितिज कुमार चौधरी कंपनी के लेखाकार हनुमान गुर्जर ने टोलकर्मी खेमराज गुर्जर के खिलाफ माण्डलगढ़ पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। थाने में दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपी टोलकर्मी खेमराज गुर्जर ने 18 से 20 नवम्बर 2025 को टोल प्लाजा की बन्द पड़ी केबिन नम्बर 1 के सिस्टम को चालू किया और टोल बूथ पर बिना वाहन निकले 535 वाहनों के फास्टैग से नम्बर के आधार पर प्रति वाहन 580 रुपए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया हैं,जबकि वाहन टोल पर आए ही नहीं हैं।

■ टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग में वाहन निकले ही नहीं और टोल काटा गया है

पीड़ित वाहन चालकों द्वारा मिली शिकायत के आधार पर मीडिया टीम द्वारा टोल प्लाजा पर की गई पड़ताल में एक दिन के 24 घण्टे में 535 अन्य राज्यों के कथित भारी वाहनों के फास्टैग से 580 रुपए प्रति वाहन के हिसाब से 3 लाख 2705 रुपए ऑनलाइन वसूली कर बहुत बड़ा फ्रॉड किया गया हैं। वहीं टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग में वाहन निकले ही नहीं और टोल काटा गया है। माण्डलगढ़ थाना पुलिस ने रिपोर्ट के आधार मामले की जाँच शुरू की है। लेकिन दूसरी ओर गोपालपुरा टोल प्लाजा लेखाकार द्वारा दी गई रिपोर्ट पर पुलिस ने आनन फानन में बिना जांच और अपराध सम्बंधित दस्तावेज लिए तत्काल मामला दर्ज करना पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर रहा है, जबकि टोल प्लाजा पर फास्टैग से ऑनलाइन वसूली गई अवैध राशि टोल कम्पनी के बैंक अकाउंट में गई है और रिपोर्ट के मुताबिक टोल प्लाजा के लेखाकार को 20 नवम्बर को फर्जीवाड़े का पता चल गया तो आरोपी टोलकर्मी के खिलाफ पुलिस में 23 नवम्बर को शिकायत क्यों दर्ज कराई गई। वहीं इस संघेय अपराध की जांच पड़ताल किए बगैर मामला दर्ज कर कहीं न कहीं टोल कम्पनी के लिए बचाव का काम किया गया हैं।

घनश्याम मीणा, थानाधिकारी, माण्डलगढ़ का कहना है कि गोपालपुरा टोल प्लाजा के लेखाकार की रिपोर्ट पर धारा 318 (4) बीएनएस में आरोपी टोलकर्मी खेमराज गुर्जर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# देवनानी ने अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर जताया शोक

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हिन्दी सिनेमा के कलाकार एवं पूर्व सांसद धर्मेंद्र के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। देवनानी ने कहा कि स्व. धर्मेंद्र न केवल फिल्म भूमि के प्रतिभाशाली कलाकार थे, बल्कि अपने समय में जनता के प्रिय कलाकार भी थे। उन्होंने अपने अभिनय, उत्कृष्ट व्यक्तित्व और सामाजिक संवेदनाओं के द्वारा लोगों के दिलों में अपना अमिट स्थान बनाया। देवनानी ने कहा कि हमने एक ऐसे सशक्त कलाकार को खो दिया है जिसने मनोरंजन, संस्कार एवं सामाजिक चेतना को एक साथ प्रकट किया। उनके जाने से जो खालीपन हुआ है, उसे भरना संभव नहीं। हमें, उनके योगदान को याद रखना चाहिये। देवनानी ने धर्मेंद्र के परिवार के प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुये ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले।

■ धर्मेंद्र न केवल फिल्म भूमि के प्रतिभाशाली कलाकार थे, बल्कि अपने समय में जनता के प्रिय कलाकार भी थे

## मुख्य सूची जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर (गृह-ग्रुप 1 विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन उपरांत साइबर फॉरेंसिक डिवीजन तथा नारकोटिक्स डिवीजन के पद के लिए मुख्य सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त पदों के लिए जारी विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य संबंधित विभाग द्वारा किया गया। पात्रता जांच उपरांत विज्ञापित पदों के विरुद्ध नारकोटिक्स डिवीजन के 1 तथा साइबर फॉरेंसिक डिवीजन के 2 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया।

# बॉलीवुड अभिनेत्री सीमा मोटवानी ने ख्वाजा की दरगाह में चादर चढ़ाई



बॉलीवुड अभिनेत्री सीमा मोटवानी ने हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ में चादर पेश की।

**अजमेर,** (कासं)। बॉलीवुड अभिनेत्री सीमा मोटवानी ने सोमवार को विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ में हाज़िरी देकर अपनी नई फिल्म "श्री मैन्सी" की सफलता के लिए दुआ मांगी। दरगाह पहुंचने पर उनके साथ बॉलीवुड के दुआगो सैयद कुतुबुद्दीन सखी मौजूद रहे, जिन्होंने सीमा मोटवानी को ज़ियारत करवाई। अभिनेत्री ने मखमली चादर और ताजा फूलों का गुलदस्ता मजार पर पेश करते हुए कामयाबी, शांति और तरक्की की मन्नत मांगी। जियारत के बाद सैयद कुतुबुद्दीन सखी ने उन्हें काला धागा बांधकर तथा दुपट्टा ओढ़ाकर दरगाह शरीफ के मुबारक तबरुकात भेंट किए। अभिनेत्री ने इसे अपने लिए बेहद आध्यात्मिक अनुभव बताया और कहा कि ख्वाजा साहब की दरगाह पर आने से हर कलाकार को नई ऊर्जा व प्रेरणा मिलती है।

बताया जा रहा है कि उनकी आने वाली फिल्म "श्री मैन्सी" जल्द ही रिलीज़ होने वाली है और इसकी शूटिंग व कहानी को लेकर दर्शकों में विशेष उत्सुकता है। सीमा मोटवानी ने कहा कि वह चाहती हैं कि दर्शक फिल्म को भरपूर प्रेम दें और यह प्रोजेक्ट उनके करियर में नई ऊंचाई स्थापित करे। अजमेर की दरगाह में बॉलीवुड कलाकारों की लगातार आमद यह दर्शाती है कि कला और आस्था का यह संगम आज भी उतनी ही श्रद्धा के साथ कायम है।

## सीएम आज चामुण्डेरी, नेतरा व बिलावास दौरे पर

**पाली,** (नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पाली जिले की एक दिवसीय यात्रा कार्यक्रम के तहत 25 नवम्बर को चामुण्डेरी, नेतरा एवं बिलावास दौरे पर रहेंगे। निर्धारित यात्रा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को प्रातः 10.25 बजे उदयपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे चामुण्डेरी राणावतान हैलीपेड पहुंचेंगे तथा 11 बजे बाली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास के अंतर्गत सोनी सीता देवी पत्नी श्री उम्मेदमल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चामुण्डेरी राणावतान का लोकार्पण करेंगे। वे दोपहर 12.10 बजे चामुण्डेरी राणावतान हैलीपेड से रवाना होकर 12.20 बजे नेतरा हैलीपेड पहुंचेंगे वे यहां श्री मीरा माधव सरकार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्री आशापुरा गौशाला कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे दोपहर 1.40 बजे हैलीपेड नेतरा से प्रस्थान कर दोपहर 2.15 बजे श्री बिलावास गौशाला पहुंचेंगे वे यहां श्री कृष्ण भगवान एवं देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होंगे।

# अमृत भारत योजना से जैसलमेर रेलवे स्टेशन तैयार, जल्द होगा उद्घाटन

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवनिर्मित जैसलमेर रेलवे स्टेशन अब एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से यात्रियों का स्वागत करने को तैयार है। सोमवार को उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी और प्रधान कार्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) राजीव श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की बारीकियों को परखा और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। साथ ही स्टेशन की फिनिशिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया। अधिकारियों ने बताया कि करीब 140 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा यह स्टेशन पर्यटन और सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

नया स्टेशन भवन लगभग 8327 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया गया है। भवन के बाहरी हिस्से में जैसलमेर के प्रसिद्ध पीले पत्थर का उपयोग किया गया है, जिससे पारंपरिक स्थापत्य की सुंदर झलक दिखाई देती है। विशाल प्रवेश और निकास द्वार नई इमारत को भव्य रूप प्रदान करते हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर बड़े पैमाने पर आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इनमें प्रमुख तौर पर 10 लिफ्ट और 10 एस्केलेटर्स, प्लेटफॉर्म को जोड़ने के लिए 6 मीटर चौड़ाई वाले दो नए फुट ओवरब्रिज, तीनों प्लेटफॉर्म पर 10 हजार वर्ग मीटर से अधिक कवर क्षेत्र, विशाल सर्कुलेटिंग व एयर कॉनकोर्स एरिया बनेगा।

अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इसमें 480 वर्ग मीटर वाणिज्यिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुनर्विकास कार्य अगले 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। स्टेशन पर रोजाना 35 हजार से अधिक यात्रियों को सुगम और आरामदायक सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि जैसलमेर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन बहुत जल्द किया जाएगा।

## एमपी से पांच बाघिनें बूंदी के जंगलों में लाई जायेंगी

**बूंदी,** (निसं)। राजस्थान में हाड़ौती के दो टाइगर रिजर्व जल्दी ही मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के बाघों से आबाद होने वाले हैं। मध्यप्रदेश व राजस्थान का वन विभाग प्रथम चरण में बूंदी के रामगढ़ विषधारी व मुकुन्दरा टाइगर रिजर्व में इसी सप्ताह हेलीकॉप्टर से एक-एक बाघिन पेंच टाइगर रिजर्व से बाघिन लाने की तैयारी में है।

अगले माह रामगढ़ में ही दो बाघिन और लानी है। दूसरे चरण में अगले साल की शुरुआत में बून्दी के ही दूसरे टाइगर रिजर्व मुकुन्दरा नेशनल पार्क में मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र से दो बाघिन व रणथंभौर से एक बाघ लाने की योजना है।

यदि यह अंतरराज्यीय बाघ ट्रांसलोकेशन सफल रहता है तो बाघों के जिनपूल परिवर्तन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। गौरतलब है कि वर्तमान में राजस्थान के सभी बाघ एक ही ब्लड लाइन के होने से कई जटिलताएं, कमजोर नस्ल व गंभीर बीमारियों की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में इस बाघ ट्रांसलोकेशन से पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों को काफी उम्मीद है। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो राज्य के अन्य टाइगर रिजर्व में भी इसे अपनाया जा सकता है।

## सपोटरा मुख्यालय सहित कुड़गांव में पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण

**करौली,** (निसं.)। जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण (सीईए) एवं सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना व सीईए वर्क इंचार्ज एवं डीपीसी-आईईसी लखन सिंह लोधा ने सपोटरा मुख्यालय सहित कुड़गांव में संचालित पैथोलॉजी लैब का औचक निरीक्षण कर रजिस्ट्रेशन न होने तक संचालन बंद रखने के लिए पाबंद किया।

सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार अवैध लैब संचालन की रोकथाम हेतु सपोटरा में संचालित हमायरा डायग्नोस्टिक सेंटर, मुस्कान डायग्नोस्टिक सेंटर, कुड़गांव में श्री श्याम डायग्नोस्टिक सेंटर, शास्त्री डायग्नोस्टिक सेंटर पर निरीक्षण दौरान चिकित्सक, लैब टेक्नीशियन और आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति नहीं पाई गई, जिन्हें क्लीनिकल एस्टेब्लिसमेंट एक्ट में तय मानकों की पूर्ति तक लैब का संचालन बंद करने के लिए पाबंद किया। इन सभी अवैध श्रेणी में लैब संचालन पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसी क्रम में शिवम हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल संचालन स्थिति का जायजा लिया गया।

# एसडीएम और बीएलओ ऊंट पर बैठकर कर रहे 'एसआईआर' का कार्य

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। बाड़मेर जिला राजस्थान का वह दुर्गम इलाका है, जहां छितराई हुई आबादी है। लोग ढाणियों में दूर-दूर रहते हैं। एक बूथ के मतदाता कई किलोमीटर तक में फैले हुए हैं। जब भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर कार्यक्रम शुरू किया, तो प्रशासन के लिए इसको समय पर निष्पादित करना चुनौती थी। इसलिए यहां निर्वाचन की टीम ने विशेष रणनीति बनाई, जिसके तहत समय से उनके घर तक पहुंच कर गणना प्रपत्र पहुंचाया जा सके और उसे वापस लेकर डिजिटिलाइज्ड किया जा सके। इसके लिए धोरों में रहे रहे लोगों तक पहुंचने के ऊंटों का सहारा लिया गया।

उदाहरण के तौर पर भारत-पाक बॉर्डर का सीमांत गांव बावरवाला में एसडीएम सेड़वा बद्रीनारायण विश्नोई और उनकी टीम ने 2 किमी रेत के टीबे पर टीम के साथ पैदल चल कर कोली, भील और देवासी जातियों के मतदाताओं के अन्यत्र निवास होने का उनके घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन किया। सीमांत क्षेत्र के नागरिकों और मतदाताओं से बीएलओ को गणना प्रपत्र भरवाने में सहयोग करने और उनको दो



रेतीले धोरों में कई किलोमीटर पैदल चलकर एसआईआर कार्यक्रम को बीएलओ सफल बना रहे हैं।

रंगीन फोटो, एपिक, आधार और मोबाइल नंबर की सही जानकारी उपलब्ध करवाने की अपील की। इसके साथ ही चौहटन और शिव के क्षेत्रों के दूरस्थ इलाकों में भी बीएलओ ने गांव में ही कैम्प किया।

यहां एक ढाणी से दूसरी ढाणी की दूरी 5 से 7 किलोमीटर तक सामान्य है। इसके लिए बीएलओ यहां के स्थानीय परिवहन का भी उपयोग कर रहे हैं। यहां तक वो मतदाताओं के घर पर ही खाना खाकर सो जाते हैं फिर दूसरे दिन दूसरे स्थान पर जाते हैं। इसके साथ ही एक चुनौती इंटरनेट कनेक्टिविटी की भी आई, इसके लिए उन्होंने ऐसे प्वाइंट खोजे जहां से इंटरनेट सुगमता से मिल सके, ताकि फॉर्म को डिजिटिलाइज्ड किया जा सके। लेकिन इन दुर्गम परिस्थितियों में भी बीएलओ का हौसला कम नहीं हो रहा है और इस कार्य को करने में अपनी पूरी क्षमता से लगे हुए हैं, जिसका परिणाम है कि बाड़मेर जिला एसआईआर के कार्य में अग्रणी बना हुआ है।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**करौली,** (निसं)। करौली जिले के कैलादेवी थाना क्षेत्र स्थित खोहरी के घने जंगलों में सोमवार दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलने पर कैला देवी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की उम्र लगभग 45-50 वर्ष बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य सामान नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास बारीकी से पड़ताल की। थाना अधिकारी रामअवतार ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पुलिस मृतक की पहचान के लिए सोशल मीडिया, गुमशुदगी रिपोर्ट्स और आसपास के थानों से संपर्क कर रही है। पुलिस ने शव को कैला देवी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है और परिजनों की तलाश जारी है। थाना अधिकारी ने बताया कि शिनाख्त होने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई संदिग्ध पहलू सामने आता है, तो घटना की गहनता से जांच की।

# नगर परिषद सभापति पद पर भाजपा की नीतू गुप्ता ने पदभार संभाला

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय स्थित नगर परिषद के सभापति पद पर 1 वर्ष में तीन महिला सभापति बदली और चौथी महिला सभापति पद पर नीतू गुप्ता मनोनीत की गई, जिसने मध्यान्ह पश्चात पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर कार्यवाहक आयुक्त उपखंड अधिकारी प्रेमराज मीना ने पदभार ग्रहण कराया।

जानकारी के अनुसार करौली नगर परिषद सभापति पद इस पूरे 5 साल का कार्यकाल बहुत चर्चित रहा है जिस पद पर सोमवार को चौथी महिला ने पदभार ग्रहण किया। नगर परिषद सभापति पद के लिए 26 जुलाई 2020 में हुए चुनाव में रसूदा खातून कांग्रेस से सभापति बनीं और पदभार ग्रहण किया। उसे समय राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी। वर्ष 2023 में राजस्थान की सरकार भाजपा की सरकार बनीं और भाजपाइयों ने कांग्रेस की सभापति रशीदा खातून पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये और मामला न्यायालय तक पहुंच गया। न्यायालय द्वारा कांग्रेस की सभापति को निलंबित कर दिया गया। उसके उपरांत 26 जुलाई 2024 को



करौली नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त ने नवनियुक्त सभापति नीतू गुप्ता को चार्ज संभलवाया।

शासन सचिव एवं आयुक्त स्वास्थ्य शासन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा पूनम पचौरी को सभापति पद पर मनोनीत किया। उसके बाद 17 मार्च 2025 को पूनम पचौरी के स्थान पर 17 मार्च 2025 को राजरानी शर्मा को सभापति पद पर मनोनीत कर दिया गया और अब सोमवार को राजरानी शर्मा को हटाकर उनके स्थान पर नीतू गुप्ता को सभापति पद पर मनोनीत कर दिया, जो नगर परिषद के वार्ड नंबर 26 से भाजपा की पार्षद हैं, जिसने सोमवार को नगर परिषद करौली के सभापति पद पर पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर नवनियुक्त सभापति का गुलदस्ता भेंट कर वासुदेव ठेकेदार सहित भाजपाइयों ने स्वागत सम्मान किया।

